तत्काल    कु०स० 4846/25
18/11/25

**ई–मेल/अत्यन्त महत्वपूर्ण/स्मरण–पत्र**

System Analyst/AR (Affi)/~~COS~~

18/11/2025

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)उ0प्र0
शिक्षा सामान्य(2)विस्तार अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

कुल सचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

Registrar

पत्रांक– सामान्य(2)विस्तार/ 20686 /2025–26 दिनांक–14 नवम्बर, 2025

विषय– अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में स्वीकृत जनशक्ति/पदों/रिक्त पदों तथा छात्र–शिक्षक अनुपात आदि की सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो अशा0 सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में स्वीकृत जनशक्ति/पदों/रिक्त पदों तथा छात्र–शिक्षक अनुपात आदि की सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–1877/पन्द्रह–9–2025 दिनांक 10.10.2025 द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अनुदानित संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को अनुदान सूची पर लिए जाने के समय स्वीकृत जनाक्ति/सृजित पदों की विद्यालय/महाविद्यालयवार संख्या का विवरण सभी सम्बन्धितों को प्रसारित करते हुए विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की कार्यवाही करते हुए उक्तानुसार ही पुष्टि की कार्यवाही समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश मे संचालित अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में प्राचार्य/अध्यापकों/प्रवक्ता आदि के रिक्त पदों पर गतिमान विज्ञापन/नियुक्ति प्रकिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता लाने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु दिनांक 01.09.2025 को अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त उत्तर प्रदेश शासन, संस्कृत शिक्षा अनुभाग (माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–9) लखनऊ के पत्र संख्या–1748/ पन्द्रह–9–2025 दिनांक 17 सितम्बर, 2025 द्वारा निर्गत किया गया। तत्कम में निदेशालय के पत्रांक–सामान्य(2)विस्तार/ 10578/2025–26 दिनांक 19 सितम्बर, 2025 एवं स्मरण–पत्र पत्रांक–सामान्य(2)विस्तार/17397–17512/2025–26 दिनांक 17.10.2025 द्वारा उत्तर प्रदेश शासन, संस्कृत शिक्षा अनुभाग (माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–9) लखनऊ के पत्र संख्या–1748/पन्द्रह–9–2025 दिनांक 17 सितम्बर, 2025 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित बिन्दुओं की बिन्दुवार सूचना/अभिलेख शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के शिक्षा सामान्य(2)विस्तार अनुभाग की ई–मेल आई0डी0 desanskrit@gmail.com पर (हार्ड कॉपी/साफ्ट कॉपी) तत्काल उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का अनुरोध किया गया, किन्तु प्रदेश के अधिकांश जनपदों से सूचना प्राप्त नहीं हुई है, जिसके कारण शासन को समयान्तर्गत स्थिति से अवगत कराए जाने में कठिनाई हो रही है।

अशासकीय सहायत्ता प्राप्त प्रदेश के संस्कृत महाविद्यालयों में स्वीकृत जनशक्ति/पदों/रिक्त पदों तथा छात्र–शिक्षक अनुपात आदि के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराये जाने का प्रारूप निम्नवत् है–

**–: प्रारूप :–**

| क्र0 सं0 | मण्डल का नाम | जनपद का नाम | अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालय का नाम | संस्था के मान्यता का वर्ष एवं स्तर (शास्त्री/आचार्य अथवा दोनों) (छायाप्रति संलग्न करें) | संस्था के अनुदान पर आने का वर्ष एवं अनुदान का स्तर (शास्त्री/आचार्य अथवा दोनों) (छायाप्रति संलग्न करें) | संस्था की श्रेणी का विवरण ("क", "ख", "ग" अथवा "घ" वर्गीय) (छायाप्रति संलग्न करें) | शासन द्वारा संस्था में किए गए पदसृजन की कुल संख्या एवं पदवार विवरण (छायाप्रति संलग्न करें) | वर्तमान में संस्था में पदसृजन के सापेक्ष कार्यरत/रिक्त पदों की कुल संख्या का पदवार विवरण | संस्था में किस कार्मिक की सेवानिवृत्ति के पश्चात् पद रिक्त हुआ, का तिथि सहित विवरण। | शैक्षिक सत्र 2025–26 में संस्था में पंजीकृत कक्षावार छात्र संख्या का विवरण | अभ्युक्त/अन्य विवरण यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | | | | | | | | | | | |

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित बिन्दुओं की बिन्दुवार सूचना/अभिलेख शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के शिक्षा सामान्य(2)विस्तार अनुभाग की ई-मेल आई०डी० desanskrit@gmail.com पर (हार्ड कॉपी/साफ्ट कॉपी) तत्काल उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि शासन को समयान्तर्गत वस्तुस्थिति से अवगत कराए जाने की कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

डॉ०(महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)
उत्तर प्रदेश।

पृष्ठांकन संख्या-सामान्य(2)विस्तार/ 20686-20800 /2025-26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- विशेष सचिव, संस्कृत शिक्षा अनुभाग-9, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

2- वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक(मा०)उ०प्र०, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।

3- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

4- सचिव, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, जगत नारायण रोड, लखनऊ।

5- जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार निर्धारित प्रारूप पर वांछित सूचनाएँ साक्ष्यों/अभिलेखों सहित ई-मेल आई०डी० desanskrit@gmail.com पर (हार्ड कॉपी/साफ्ट कॉपी) तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि आप द्वारा एक पक्ष के भीतर निर्धारित प्रारूप पर वांछित सूचनाएँ उपलब्ध नहीं करायी जाती, तो आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

6- निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं, उ०प्र०, प्रयागराज/मण्डलीय उप निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएँ, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार अपने-अपने मण्डल के सम्बन्धित जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षकों से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर वांछित सूचना/आख्या उपलब्ध कराने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

7- कार्यालय प्रति।

डॉ०(महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)
उत्तर प्रदेश।

SOK
14/XI/2025
28/11/2025